News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-48
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, रविवार, 26 मई 2024

**आज का विचार**

दया के छोटे-छोटे से कार्य, प्रेम के जरा-जरा से शब्द हमारी पृथ्वी को स्वर्गोपम बना देते हैं.
-जूलिया कार्नी

# क्रिटिकल बूथों पर तैनात रहेंगे केंद्रीय सुरक्षा बल

### 942 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मोतिहारी, लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए जिले में 25 मई को होने वाले मतदान को ले जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल व पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से बताया कि हर प्रकार की प्रशासनिक तैयारियां पूरी की ली गई है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया कि मतदानकर्मियों व सुरक्षा बल के जवानों ने डिस्पैच सेंटर पर अपना योगदान दे दिया है। 24 मई को मतदानकर्मियों व सुरक्षा बल का मिलान होगा। यहीं से मतदान केंद्र पर मतदानकर्मी रवाना होंगे। मतदान को स्वच्छ व भयमुक्त कराने के लिए सभी बूथों पर सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी। सभी क्रिटिकल बूथों पर केंद्रीय पुलिस बल को लगाया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। हालांकि आवश्यक कार्यवश आने आने पर कोई पाबंदी नहीं है। लेकिन हर आने-जाने वालों की सघन तालाशी ली जाएगी। डीएम ने कहा कि



मतदान प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व राजनीतिक दल के एजेंटों की उपस्थिति में माक पोल किया जाएगा। इस क्रम में अगर बीयू, सीयू या वीवीपैट में गड़बड़ी होती है तो तत्काल बदला जाएगा। अगर पोल होने के क्रम में कोई गड़बड़ी आती है तो पूरा सिस्टम बदला जाएगा। बताया गया कि मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। छह बजे तक अगर कोई कतार में लगा रहेगा तो वह मतदान कर सकता है। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने कहा कि मतदान के दौरान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। केंद्रीय सुरक्षा बलों के अलावा जिले के बाहर से मंगाए गए पुलिस बल व होमगार्ड के जवानों को मतदान केंद्र पर लगाया जाएगा। मतदान को प्रभावित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस क्रम में सीसीए तीन के तहत 180 प्रस्ताव भेजे गए थे, जिसमें 157 प्रस्ताव को पारित किया गया है। 16745 बाउंड डाउन किए गए हैं। 60 आग्नेयास्त्र जब्त किए गए हैं। 387 किलो गांजा, 80 किलो चरस व 1.5 किलो अफीम जब्त किया गया है। 36 लाख 25 हजार भारतीय व 80 लाख नेपाली करेंसी को जब्त किया गया है। 12 लाख 96 हजार जानी नोट को जब्त किया गया है। 82 हजार लीटर शराब की जब्ती व 596 की गिरफ्तारी हुई है।विधानसभा स्तर पर एक-एक होंगे द्य महिला, यूथ व दिव्यांग मतदान केंद्र जिले के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभावार तीन-तीन आदर्शमतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसमें महिला मतदान केंद्र, यूथ मैनेज्ड बूथ व दिव्यांग मतदान केंद्र शामिल हैं। अर्थात 12 महिला मतदान केंद्र, 12 दिव्यांग मतदान केंद्र व 12 यूथे मैजेज्ड मतदान केंद्र होंगे। आदर्श मतदान केंद्र के रूप में जिले के 36 मतदान केंद्र होंगे। मतदान को पारदर्शी बनाने के लिए जिलें के 1885 मतदान भवन का 50 प्रतिशत अर्थात 942 मतदान केंद्रों पर होगी लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी मतदान भवन पर धूप से बचाव के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है।

### सरकार ने जारी किया नया आदेश

# अब मैरिज सर्टिफिकेट बनवाते समय देना होगा दहेज का विवरण

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

मैरिज सर्टिफिकेट बनवाते समय अब वर-वधु को दहेज का भी विवरण देना होगा। इस संबंध में विभाग ने अपना आदेश भी जारी कर दिया है। अभी तक विवाह प्रमाण पत्र बनाने के लिए वर-वधु पक्ष की ओर से विवाह का कार्ड, आधार कार्ड, हाई स्कूल की मार्कशीट के साथ दो गवाहों के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज लगाए जाते रहे हैं। लेकिन,अब इसके साथ-साथ दहेज़ का विवरण भी देना होगा। दरअसल, उत्तर प्रदेश में विवाह प्रमाण पत्र बनवाते समय अब वर-वधु को दहेज का विवरण देना होगा। इस संबंध में शासन ने निबंधन विभाग को निर्देश जारी किया है। अब उनके साथ में दहेज के शपथ पत्र को भी अनिवार्य कर दिया गया है और इसके लिए कार्यालय में नोटिस लगा दी गई है। इस शपथ में पत्र में शादी के लिए दिए गए दहेज का पूरा ब्यौरा देना होगा। अधिकारी दीपक श्रीवास्तव के मुताबिक शासन की ओर से विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त के लिए शपथ पत्र अनिवार्य कर दिया गया है और सभी को यह निर्देशित किया गया है कि डॉक्यूमेंट के साथ दहेज का प्रमाण पत्र भी दें।

मालूम हो कि, शादी के बाद अगर आप ज्वाइंट बैंक अकाउंट खुलवाना चाहते हैं, तो मैरिज सर्टिफिकेट लगाना होगा। इसके अलावा पासपोर्ट के लिए अप्लाई करते समय भी शादी के प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ेगी। इसके साथ ही यदि आप शादी के बाद बीमा कराना चाहते हैं, तो अपना मैरिज सर्टिफिकेट लगाना जरूरी होगा।

होगा। अगर महिला शादी के बाद सरनेम नहीं बदलना चाहती, तो ऐसे में मैरिज सर्टिफिकेट के बगैर सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलेगा। शादी के बाद किसी नेशनल बैंक से लोन लेने के लिए शादी का सर्टिफिकेट जरूरी होता है। किसी भी प्रकार के कानूनी मामले में मैरिज सर्टिफिकेट जरूरी होगा। सिंगल मदर या तलाकशुदा महिलाओं को नौकरी में रिज़र्वेशन लेने के लिए तलाक का डॉक्यूमेंट दिखाना पड़ता है।

### छठे चरण की वोटिंग के बीच पीएम मोदी का बिहार दौरा आज

# पटना, बक्सर और काराकाट में गरजेंगे निशाने पर होगा I.N.D.I गठबंधन

**पटना**- लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग को लेकर बीजेपी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिन में कई सभाएं कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी 9वीं बार बिहार दौरे पर पहुंच रहे हैं। शनिवार को पीएम मोदी पाटलिपुत्र, बक्सर और काराकाट में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। तीनों ही सभाओं ने इंडी गठबंधन पीएम मोदी के निशाने पर रहेगा। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को पीएम मोदी की पहली चुनावी सभा सुबह 11.30 बजे पाटलिपुत्र लोकसभा के अंतर्गत पटना के बिक्रम स्थित कृषि भवन में होगी। इस सीट पर बीजेपी के मौजूद सांसद रामकृपाल यादव चुनाव मैदान में हैं। उनका सीधा मुकाबला लालू प्रसाद की बड़ी बेटी और महागठबंधन की उम्मीदवार



मीसा भारती से है। बिक्रम में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी काराकाट के लिए रवाना हो जाएंगे।

पीएम मोदी की दूसरी सभा रोहतास के काराकाट में होगी। डेहरी के सुअरा हवाई अड्डा मैदान में वह एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के लिए लोगों से वोट की अपील करेंगे। इस सीट से भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं जबकि महागठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर राजा राम सिंह चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है। तीनों उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर है। प्रधानमंत्री की तीसरी सभा बक्सर के अहिरौली में होगी, जहां वह एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के लिए लोगों से वोट मांगेंगे। महागठबंधन की तरफ से आरजेडी के सुधाकर सिंह चुनाव मैदान में हैं। बता दें कि इन तीनों सीटों पर आखिरी चरण में 1 जून को वोटिंग होनी है। आखिरी चरण में बिहार की आठ सीटों पर वोटिंग होगी। आठ सीटों में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद शामिल हैं।

### आरा में बोले गृहमंत्री अमित शाह

# एनडीए को 400 पार करा दो, हम मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे

**आरा**- लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार थमने के बाद अब तमाम दलों ने सातवें और अंतिम चरण के चुनाव को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बीजेपी के तमाम बड़े नेता तूफानी दौरा कर ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आरा में पार्टी उम्मीदवार आरके सिंह के लिए चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एलान किया कि केंद्र में एनडीए की सरकार बनी तो मुस्लिम आरक्षण को खत्म कर उसे अति पिछड़ों को दे दिया जाएगा।



अमित शाह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह, जिन्होंने 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजों के दांत खट्टे किए थे और अपना हाथ काट कर गंगा में डाल दिया था, मैं उनको प्रणाम करता हूं। पिछले पांच चरण के चुनाव में 310 सीटें एनडीए गठबंधन की झोली में आ चुकी हैं। लालू और राहुल का सूपड़ा साफ हो गया है। बिहार में इस बार घमंडिया गठबंधन का खाता भी नहीं खुलने वाला है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने तो आपको बना-बनाया मंत्री भेजा है। जिन्होंने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार ने सैकड़ों करोड़ की लागत से आरा में विकास के अनेक काम किए हैं।आप अपने सांसद आरके सिंह को विकास के लिए वोट मत दीजिए बल्कि देश को मजबूत करने और देश को घमंडिया गठबंधन से मुक्त करने के लिए वोट दीजिए।

शाह ने कहा कि कश्मीर हमारा है या नहीं है। कांग्रेस वाले और लालू यादव हमें डराते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। लेकिन हम लोग भाजपा वाले हैं, एटम बम से नहीं डरते हैं। कश्मीर हमारा है, हम उसे लेकर रहेंगे। धारा- 370 को कांग्रेस ने संभाल कर रखा लेकिन मोदी जी से उसे समाप्त कर दिया और देश से आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त कर दिया है।

मुस्लिम आरक्षण का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू प्रसाद ने ममता बनर्जी के सहयोग से पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डाला है। कर्नाटक में मुसलमानों को धर्म के आधार पर 5 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया लेकिन जबतक नरेंद्र मोदी हैं तबतक दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज के आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता है। घमंडिया गठबंधन वाले मुस्लिम आरक्षण लाना चाहते हैं। एनडीओ को 400 पार करा दो, हम मुस्लिम का आरक्षण रद्द कर देंगे।

### लोकतंत्र का महापर्व

# 4,46,494 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर डीएम- एसपी ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को दिया है निर्देश शिवहर लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख 14,885 मतदाता है, जिसमें युवा वोटर 1,12, 117 है, महिला मतदाता 8,55,687 तो पुरुष मतदाता 9,59,131 वहीं थर्ड जेंडर 66 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

शिवहर लोकसभा क्षेत्र के शिवहर विधानसभा में 3,16,756 तथा बेलसंड विधानसभा क्षेत्र में 1,32,522 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

शिवहर लोकतंत्र का महापर्व कल, 25 में 2024 को शिवहर लोकसभा क्षेत्र में शिवहर संसदीय सीट के लिए मतदान होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी पंकज कुमार, पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने कल संयुक्त रूप से ब्रीफिंग करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए संकल्पित है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतदान कार्य में लापरवाही की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी, निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर रोक रहेगी उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं को कोई और सुविधा नहीं होनी चाहिए इसके लिए जिला नियंत्रण कक्ष क्रियाशील किया गया है तीन पारियों में जिला नियंत्रण काम कर रहा है।

जबकि पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने कहा है की बुथो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। सभी बुथो पर अर्द्धसैनिक बल तैनात रहेंगे इसके अलावा अलग-अलग गश्ती दल तथा डायल 112 का वाईकर्स टीम एक्शन मोड में रहेगी।

गौरतलब हो कि शिवहर संसदीय सीट पर 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

# चिलचिलाती धूप में लोकतंत्र का उत्सव भारी, जमकर हो रहा वोट की बारिश

### पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार 5% अधिक मतदान हो रहा



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

शिवहर, शिवहर 18वीं लोकसभा का चुनाव के तहत शिवहर संसदीय सीट पर आज मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी है।

12 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला लोकसभा क्षेत्र के 18 लाख 33 हजार 374 मतदाता कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप के बीच मतदान जारी है।

बुजुर्ग, महिलाएं ,युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा जा रहा है। समाज के विकास के लिए वोटर कर रहे मताधिकार का प्रयोग।

जिला पदाधिकारी पंकज कुमार प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय बूथ संख्या -200 पर मतदान किया है।

जिला पदाधिकारी पंकज कुमार ,पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ,उप विकास आयुक्त अतुल कुमार वर्मा ,एडीएम कृष्ण मोहन सिंह ,अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुणाल, एसडीपीओ अनिल कुमार सहित जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी विधि व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं तथा बूथों का निरीक्षण करते रहे हैं।

शिवहर विधानसभा के सभी 217 बुथो पर जिला पुलिस बल अर्धसैनिक पुलिस बल की तैनाती की गई है दंडाधिकारी एवं जोनल मजिस्ट्रेट का निरीक्षण जारी है।

गौरतलब हो कि शिवहर लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख 33 हजार 374 मतदाता है। जिसमें 9,68,462 पुरुष मतदाता तथा 8,64,849 महिला मतदाता है। वही थर्ड जेंडर 63 है।

आज 12 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा। मतगणना 4 जून को होगा।

### शिवहर में नक्सलियों के गढ़ में जबरदस्त वोटिंग

**शिवहर** - शिवहर लोकसभा में शनिवार को छठे चरण के मतदान में वोटरों ने जमकर वोटिंग की. इस दौरान सभी महिला पुरुष में भारी उत्साह देखने को मिला. वहीं, दो दशक पूर्व नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले पुरनहिया प्रखंड में भी मतदाताओं में उत्साह दिखा. सभी बेखौफ होकर मतदान करते दिखे.शिवहर में लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए लंबी-लंबी लाइनें में खड़े होकर महिलाएं और पुरुष मतदाताओं ने वोट किया. उन्होंने कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने पर वोट डाला. वहीं, कभी नक्सलियों का गढ़ माने जाने वाले पुरनहिया प्रखंड में महिलाओं और पुरुषों की मतदान केंद्र पर लंबी कतारे देख प्रशासन को भी काफी खुशी हुई.दो दशक पहले तक जहां नक्सलियों के फरमान के बाद ही मतदान या कोई काम होता था या यू कहे नक्सलियों द्वारा पुरनहिया प्रखंड के गांव को रक्त रंजिश किया जाता रहा, आज वहीं के लोग अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर वोट करने पहुंचे. इस दौरान महिलाएं, युवक और बुजुर्ग बेखौफ होकर मतदान केंद्रो पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते दिखें.